nandgaon times JULAI-09-2.qxd 7/8/2025 11:59 PM Page 1

स्वच्छता से जोड़ने निकाय क्षेत्र में 1 जुलाई... पृष्ठ 2 | मोखला निवासी दिव्यांग लोचन... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स





॥ जय श्री जलाराम ॥
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559
नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।


बुधवार, 09 जुलाई 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 259, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए






## मैनपाट में भाजपा का प्रशिक्षण शिविर : दूसरे दिन हुआ विचारों का गहन मंथन

### सांसद-विधायकों ने सीखे संगठन और शासन के गुर



**सरगुजा।** जिले के मैनपाट में भारतीय जनता पार्टी का तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर चल रहा है। सोमवार को शिविर का दूसरा दिन था, जो पूरी तरह विचार और मार्गदर्शन से भरपूर रहा। इस दिन कुल सात सत्र आयोजित किए गए, जिनमें पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और केंद्रीय मंत्रियों ने सांसदों और विधायकों को संगठन, सुशासन, जनसंपर्क और नीति-निर्माण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं।

प्रशिक्षण शिविर में आज केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े और राष्ट्रीय संगठक वी. सतीश सहित कई दिग्गज नेताओं ने मार्गदर्शन दिया। शिविर के चौथे और दिन के पहले सत्र में वी. सतीश ने च्च्हमारे कार्यविस्तार की दृष्टि ङ्क सामाजिक एवं भौगोलिक (एससी-एसटी कार्य)ज्ज् विषय पर पार्टी जनप्रतिनिधियों को संबोधित किया। इसके बाद पांचवें सत्र में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने च्च्विकसित छत्तीसगढ़ ङ्क अवसर और चुनौती (2003 से 2023 की पृष्ठभूमि)ज्ज् विषय पर अपने अनुभव साझा किए। छठे सत्र में विनोद तावड़े ने सोशल मीडिया और जनसंचार की भूमिका पर चर्चा की, खासकर यह बताया कि स्थानीय से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर विमर्श निर्माण में पार्टी कार्यकर्ताओं की क्या भूमिका हो सकती है। दोपहर बाद के सातवें सत्र में शिवराज सिंह चौहान ने च्च्लोक व्यवहार, समय प्रबंधन और वक्तृत्व कौशलज्ज् पर प्रभावशाली व्याख्यान दिया। इसके बाद के सत्रों में पार्टी की विचारधारा और उसके ऐतिहासिक पहलुओं पर चर्चा हुई। आठवें सत्र में भाजपा के इतिहास, विचार और च्पंच प्रणज् से जुड़ी जानकारी दी गई, जबकि नौवें सत्र में राष्ट्रीय सह-संगठन मंत्री शिव प्रकाश ने सांसदों और विधायकों को पार्टी के मूल विचारों से गहराई से अवगत कराया। दसवें और दिन के अंतिम सत्र में प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन ने च्च्विकसित भारत: मोदी सरकार के 11 वर्ष ङ्क छत्तीसगढ़ के संदर्भ मेंज्ज् विषय पर संवाद किया। गौरतलब है कि रात्रि भोजन के पश्चात छत्तीसगढ़ महतारी आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है, जिसमें तमाम सांसदों और विधायकों की मौजूदगी रहेगी। अब बुधवार को होने वाले समापन सत्र में भाजपा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री बीएल संतोष और राष्ट्रीय महामंत्री शिव प्रकाश बतौर प्रशिक्षक मौजूद रहेंगे। वे सांसदों-विधायकों को पार्टी के मूल विचार, रणनीति, और पंच प्रण जैसे विषयों पर मार्गदर्शन देंगे।

**अमित शाह का छत्तीसगढ़ दौरा रद्द**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बुधवार को मैनपाट में आयोजित भाजपा के प्रशिक्षण शिविर के समापन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने वाले थे। शाह के दौरे को देखते हुए कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा से लेकर मंच सज्जा तक तैयारियां पूरी कर ली गई थी, लेकिन अब स्पष्ट हो गया है कि वे इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाएंगे। गृहमंत्री अमित शाह वर्चुअल कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। बता दें कि बीते सोमवार को शिविर का उद्घाटन बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने किया था। इस दौरान उन्होंने इस दौरान जेपी नड्डा ने सांसदों और विधायकों को संगठन के साथ अधिक तालमेल बैठाकर जमीनी स्तर पर काम करने की सलाह दी। इसके अलावा बूथ स्तर पर पार्टी की उपस्थिति मजबूत करने, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और विपक्ष के दुष्प्रचार का तथ्यपूर्ण जवाब देने की रणनीति पर भी गहन चर्चा हुई। नड्डा ने कहा कि प्रशिक्षण केवल औपचारिकता नहीं है, यह नेतृत्व को तैयार करने, संगठन को सशक्त बनाने और कार्यकर्ताओं को प्रेरित करने का माध्यम है। उन्होंने पार्टी के सभी सांसों एवं विधायकों से आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की डबल इंजन वाली सरकार के विकास कार्यों एवं इनिशिएटिव को छत्तीसगढ़ के गांवङ्कगांव, घरङ्कघर पहुंचाने की अपील की।

## केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह पहुंचे शिविर लोक व्यवहार और समय प्रबंधन पर प्रशिक्षण



**अंबिकापुर।** भाजपा प्रशिक्षण शिविर में शामिल होने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह और राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े आज मैनपाट पहुंचे. केंद्रीय मंत्री चौहान जहां लोक व्यवहार और समय प्रबंधन पर, तो वहीं विनोद तावड़े सोशल मीडिया और मीडिया पर सांसदों-विधायकों को प्रशिक्षण देंगे. शिविर में शामिल होने के लिए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह के अंबिकापुर स्थित मां महामाया एयरपोर्ट पहुंचने पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने गर्मजोशी से स्वागत किया. अंबिकापुर से सड़क के जरिए मैनपाट स्थित शिविर स्थल पहुंचने पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव सहित अन्य भाजपा पदाधिकारियों, सांसदों-विधायकों ने स्वागत किया. शिविर स्थल पर अतिथियों ने पौधरोपण किया. कृषि मंत्री शिवराज सिंह शिविर में लोक व्यवहार और समय प्रबंधन वक्तृत्व कौशल पर तो वहीं राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े सोशल मीडिया और मीडिया स्थानीय, क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय विमर्श निर्माण: हमारी भूमिका विषय पर सांसदों-विधायकों को प्रशिक्षण देंगे.

## 'रूप नहीं गुण को देखो' कार्यक्रम का हुआ जिला स्तरीय शुभारम्भ

### उड़ने के लिए गुब्बारे को रंग नहीं गैस की जरुरत होती है- मधुसूदन



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिला प्रशासन, यूनिसेफ सर्वहितम और अलायंस फॉर बिहेवियर चेंज के संयुक्त तत्वावधान में किशोर- किशोरियों के लिए रूप नहीं गुण को देखो परियोजना का जिला स्तरीय शुभारम्भ महापौर मधुसूदन यादव द्वारा किया गया। जिला स्तरीय शुभारम्भ के अवसर पर अलायंस के संभाग प्रमुख शरद श्रीवास्तव द्वारा स्वागत और एजेंडा निर्धारण एवं राज्य प्रमुख मनीष कश्यप द्वारा परियोजना का प्रस्तावना व्यक्त किया। इस विषय पर महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि गुब्बारे अपने रंग की वजह से ऊंचाइयों को नहीं छूते बल्कि उनके अंदर के गैस के कारण वो उड़ान भर पाते हैं। जिला शिक्षा अधिकारी प्रभाष सिंह बघेल ने कहा कि इस कार्यक्रम संचालन में शिक्षक, अभिभावक के साथ साथ समुदाय की भी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इसके साथ जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग गुरप्रीत कौर ने बताया कि किशोरावस्था में शारीरिक बदलाव होते हैं और इस अवस्था के लिए कार्यक्रम बहुत ही लाभदायक साबित होगा। कार्यक्रम अंतर्गत प्रशिक्षकों द्वारा साथ ही पढ़ाई का कोना, आज क्या सीखा कार्यक्रम के बारे में पीपीटी और खेल के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर यूनिसेफ़ जशपुर के जिला समन्वयक तेज सारथी, यूनिसेफराजनांदगांव की जिला समन्वयक दिव्या राजपूत, राजनांदगांव समन्वयक विनोद टेम्बुकर, अलायंस मेंबर गायत्री सिंह, सत्यमित्र शास्त्री, प्रोग्राम कंटेंट राइटर सौरभ सिंह, शिक्षा विभाग के शिक्षकगण, बिहान के मास्टर ट्रेनर, आंगनबाडी कार्यकर्त्ता,पहल कार्यक्रम के कार्यकर्त्ता,कॉलेज छात्र-छात्राएं एवं स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## लायंस टॉप टेन प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न





**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी द्वारा प्रतिवर्ष प्रतिभा सम्मान समारोह लायंस टॉपटेन आयोजित किया जाता है प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी समाज सेवी लायन सुनील बरडिया द्वारा प्रायोजित यह कार्यक्रम मातुश्री स्व. संतोष बाई बरडिया जी स्मृति में गायत्री स्कूल में संपन्न हुई । लायंस क्लब के अध्यक्ष अमित खंडेलवाल ने कहा कि सेवा की राह में 2025-26 कदम आगे बढ़ाते हुए लायस म्लब राजनांदगांव सिटी द्वारा (5) पाँचवा सफ्लतापुर्वक कार्यक्रम समापन हुआ। जिसमे हम सभी के लिये यह अंत्यत गर्व और आनंद का विषय है कि लांयस टॉप-टेब क्रायक्रमों ने न सिर्फ छात्रों के ज्ञान ओर समझ की बढ़ाया बल्कि उनमे सेवा, समर्पण और समाजिक उत्तरदायित्व की भावना भी जागृत की है। इस आयोजन में गायत्री विद्या पीठ के बालक एवं बालिका वर्ग कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं टॉप टेन में आए प्रतिभावान बच्चों को शील्ड, मैडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। इस आयोजन के माध्यम से बच्चों में बौद्धिक विकास और शिक्षा के प्रति लगाव के लिए किया गया ताकि सभी बच्चे टॉप टेन बच्चों को देख अपने अंदर की प्रतिभाओं को निखारे और अपने जीवन में सफ्लता की ओर आगे बढ़े। इस आयोजन के साथ ही लायंस क्लब ने गायत्री विद्या पीठ परिवार के साथ में वृक्षारोपण का कार्यक्रम भी किया है ताकि जिस प्रकार से गर्मियों की मार से इस वर्ष लोगों को काफी परेशानियां हुई वो समस्या आने वाले भविष्य में ना हो सके और पर्यावरण को सुरक्षित बचाया जा सके। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि को गायत्री स्कूल के चेयरमैन बृजकिशोर सुरजन के द्वारा स्वागत कर मंच पर आसीन किए जिला पुलिस अधीक्षक द्धक्क्स् मोहित गर्ग ने सभी टापर्स बच्चों को बधाई शुभकामनाएं प्रेसित किए। साथ लायंस क्लब के सम्मानीयगण,गायत्री विद्या पीठ सीजी-सीबीएसई, गायत्री विद्या मंदिर स्कूल की प्राचार्या, स्कूल शिक्षकगण एवं पालकगण जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## बर्फानी आश्रम में दो दिवसीय गुरुपूर्णिमा महोत्सव आज 9 जुलाई से

### बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना, दो दिनों तक होगा गुरु की महिमा का गुणगान व हनुमान चालीसा पाठ



**राजनांदगांव( नांदगांव टाइम्स)।** विश्व शांति एवं मानव सेवा के जनकल्याण के लिए समर्पित बर्फानी सेवाश्रम समिति द्वारा देश के प्रसिद्ध संत श्रीश्री 1011 योगाधिराज ब्रम्हर्षि बर्फानी दादा जी की कृपा प्रेरणा आशीर्वाद से बर्फानी धाम में दो दिवसीय गुरुपूर्णिमा महोत्सव का आयोजन 9 जुलाई बुधवार से आयोजित है। जिसमें बड़ी संख्या में गुरु परिवार के सदस्य व श्रद्धालु भक्तजनों पहुंचेंगे।

संस्था के सचिव गणेश प्रसाद शर्मा च्नान्नूज् ने बताया कि अंचल सहित देशभर में पहचान बना चुकी गर्भगृह में विराजमान काली स्वरूपनी मां पाताल भैरवी राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दस महाविद्या द्वादश ज्योर्तिलिंग शिव शक्ति सिद्धपीठ की स्थापना गुरुदेव श्री बर्फानी दादा जी के मार्गदर्शन व आशीर्वाद से की गई थी। जिसमें तीन लोकों में मां पाताल भैरवी, मां राज राजेश्वरी, त्रिपुर सुंदरी, दस महाविद्या, आदिदेव महादेव के साथ ही द्वादश ज्योर्तिलिंग की स्थापना की गई थी। इसके अलावा अंचल में सबसे बडे विशाल स्फटिक एवं पारद शिवलिंग को विराजित किया गया है। संस्था द्वारा अपने परमपूज्य गुरुदेव श्रीश्री 1011 योगाधिराज ब्रम्हर्षि बर्फानी दादा जी के चरण पूजन व गुरुपूर्णिमा महोत्सव के तहत आषाढ़ शुक्ल पक्ष चौदस 9 जुलाई बुधवार को संध्या 4 बजे से दुर्ग की महिला मंडलियों के द्वारा संगीतमय सुंदरकांड व हनुमान चालीसा पाठ के साथ ही भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी।

वहीं 10 जुलाई गुरुवार आषाढ़ शुक्ल पक्ष गुरु पूर्णिमा के अवसर पर प्रात: 8 बजे से श्री गुरुदेव की पालकी व शोभायात्रा आश्रम परिसर में भ्रमण करने के पश्चात श्री बर्फानी दादा जी का गुरु परिवार के सदस्यों व भक्तों के द्वारा पंचामृत, गंगाजल, दुग्धाभिषेक व शुद्ध जल से अभिषेक कर श्रृंगार आदि कर पूजन व महाआरती उतारी जाएगी। तत्पश्चात प्रात: 10 बजे से भिलाई के कान्हा महाराज द्वारा संगीतमय भजन व हनुमान चालीसा के पाठ के साथ ही गुरुमहिमा का गुणगान किया जाएगा। संस्था द्वारा इस दो दिवसीय आयोजन की तैयारियों को लेकर समिति के सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी नागरिकों की समस्याएं

### जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के दिए निर्देश



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए नागरिकों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए कहा। जनदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने, नक्शा बटांकन, अतिक्रमण हटाने, पट्टा, भू-अर्जन सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाने जैसे आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर डॉ. भुरे ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम राजनांदगांव श्री खेमलाल वर्मा, एसडीएम डोंगरगांव श्री श्रीकांत कोर्राम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## पेंशनर्स एसोसिएशन डोंगरगांव का 10 जुलाई को बैठक

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा डोंगरगांव का मासिक बैठक 10 जुलाई 2025 को दोपहर 02:00 बजे से पेंशनर्स एसोसिएशन भवन डोंगरगांव में आयोजित है । ज्योतिष राम यादव अध्यक्ष, हीरालाल ढोमने प्रवक्ता, वाय के गहरवार प्रवक्ता, नामदेव साहू कार्यकारी अध्यक्ष, केशव राम साहू वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मनबोधीराम माली कोषाध्यक्ष, जी आर अहीर उपाध्यक्ष, डोल कुमार देवांगन उपकोषाध्यक्ष, बहल सिंह ठाकुर एवं एन के श्रीवास्तव संगठन सचिव, राम कुमार ठाकुर संगठन सचिव, नंदलाल साहू कार्यकारिणी सदस्य ने सभी पदाधिकारियों, संरक्षकों एवं पेंशनर्स साथियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफलता पूर्वक संपन्न करने हेतु महती सहयोग प्रदान करने अपील की है । यह जानकारी शोभित राम साहू संगठन सचिव ने दी ।

## दिग्विजय महाविद्यालय में स्टाफवेलफेयर कार्यक्रम का आयोजन



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शा. दिग्विजय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के मार्गदर्शन एवं मानव संसाधन प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. प्रति बाला टांक के निर्देशन में छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक राजनांदगांव द्वारा स्टाफ वेलफेयर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बैंक से दी जाने वाली सुविधा, होम लोन, कार लोन, पर्सनल लोन एवं सौर ऊर्जा से सम्बन्धित लोन के बारे में जानकारी दी गई स कार्यक्रम कि शुरूवात प्रभारी प्राचार्य डॉ. अनिता महेश्वर के द्वारा मार्केटिंग ऑफिसर शिखर गुप्ता तथा अनुराग शर्मा का स्वागत किया गया । कार्यक्रम का संचालन प्रो. हिरेंद्र बहादुर ठाकुर एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. प्रियंका सिंह द्वारा किया गया । इस कार्य क्रम में प्रभारी प्राचार्य डॉ. अनिता महेश्वर, महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, रजिस्ट्रार श्री दीपक कुमार परगनिहा एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे ।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पं दीनदयाल की मूर्ति स्थापित करने की मांग.



**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा स्थापना को लेकर सांसद प्रतिनिधि व पूर्व - पालिका अध्यक्ष तरुण हथेल ने नगर पालिका अधिकारी को मांग पत्र दिया है। मांग पत्र में कहा गया है कि वर्तमान में जिस - स्थान पर अटल परिसर का निर्माण हो रहा है। उसी स्थान पर - जो रिक्त स्थान शेष है। वहां डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पं - दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा लगाई जाए।

## किसान कल्याण फाउंडेशन के द्वारा संचालित कृष्णा पब्लिक कोचिंग क्लास एवं किसानो के सर्वे ज्ञापन सौंपा जिला कलेक्टर कबीरधाम गोपाल वर्मा

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** रायपुर CMA किसान कल्याण फाउंडेशन राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम प्रसाद यादव जी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ वसुंधरा राव जी के नेतृत्व में आज किसान कल्याण फाउंडेशन राष्ट्रीय महासचिव छत्तीसगढ़ प्रभारी श्रीमती भगवती मिरज जी एवं नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती अंजू सिंह राजपूत जी के दिशा निर्देश पर आज जिला कबीरधाम में किसान कल्याण फाउंडेशन द्वारा संचालित कृष्णा पब्लिक कोचिंग क्लास एवं किसानो के सर्वे संचालित किया जाना है जिसके लिए जिले के जिला मुख्यालय में माननीय जिला अध्यक्ष गोपाल वर्मा जी कबीर धाम को ज्ञापन सौंपा इसी प्रकार से छत्तीसगढ़ के 33 जिलों के 10हजार पंचायत की समस्त मुख्यालय में भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसान कल्याण फाउंडेशन के द्वारा संचालित कृष्णा पब्लिक कोचिंग क्लास एवं किसान सर्वे के लिए आवेदन दिया जाएगा जिसमें भारत सरकार एवं राज्य सरकार के विभिन्न प्रकार की योजनाओं को संचालित अलग-अलग पंचायत में अंतिम छोर के व्यक्ति को दिलाने एवं किसान कल्याण फाउंडेशन द्वारा संचालित कृष्णा पब्लिक कोचिंग क्लास एवं किसानों के सर्वे के लिए ज्ञापन दिया गया आज के ज्ञापन देने वाले में किसान कल्याण फाउंडेशन के राष्ट्रीय महासचिव छत्तीसगढ़ प्रभारी श्रीमती भगवती मिरज जी एवं नवनिर्वाचित जिला कबीरधाम जिला अध्यक्ष देव कुमारी शर्मा जी साथ में छाया नामदेव जी, पुष्पा बाई लांझी, वेदकुमारी चौबे,नंदिनी राजपूत जी वेद कुमारी दुबे इस प्रकार आज के जिला प्रशासन को ज्ञापन देने जिला कबीरधाम कलेक्ट ऑफिस पहुंचे।

## उन्नत बीज वितरण हेतु 13047 क्विंटल बीज का किया गया भंडारण



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले में वर्तमान खरीफ फसल की बुआई निरंतर जारी है। इस वर्ष मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुरूप मानसून अपने तय समय से पहले दस्तक दे चुका था। इसी कारण कृषकों में इस वर्ष अच्छी खेती की आस जगी है। कृषि विभाग द्वारा भी इस वर्ष बेहतर मानसून को देखते हुए खरीफ फसल हेतु 1 लाख 84 हजार 440 हेक्टेयर का बुआई लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जसाथ ही कृषि फसल क्षेत्राच्छादन में वृद्धि हेतु आवश्यक आदान सामग्री जैसे उन्नत बीज वितरण हेतु 14803 का लक्ष्य निर्धारित कर 13047 क्विंटल बीज भंडारण कराया गया है। जिसमें से 12268 क्विंटल बीज का उठाव कृषकों द्वारा किया जा चुका है। जो भंडारण की तुलना में 94 प्रतिशत है। जिससे जिले में अब 212.7 एमएम वर्षा हो चुकी है, जो इसी अवधि में होने वाली वर्षा का 95.40 प्रतिशत है। जिले में इस वर्ष सोयाबीन फसल हेतु 3160 हेक्टेयर रकबा का लक्ष्य तय किया गया है। जिसके विरूद्ध अब तक 1158 हेक्टेयर क्षेत्र में सोयाबीन की खेती संपन्न हो चुका है। सोयाबीन उत्पादक कृषकों को वर्तमान खरीफ अनुशंशित उर्वकों की वैज्ञानिक अनुशंसानुसार एनपीके तथा सल्फर के 25 : 60 : जिसकी पूर्ति हेतु एक यूरिया 56 किलोग्राम के साथ 375 से 400 किलोग्राम सिंगल सुपर फास्फेट व 67 किलोग्राम म्यूरोट ऑफ पोटाश पोटास डीएपी 125 ग्राम के साथ 68 किलोग्राम म्यूरोट ऑफपोटाश तथा 25 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर बेनटोनेस सल्फर का उपयोग किया जा सकता है।

**शुभांक**

**2-3-4**

**233-8 224-8**

**भाग्यांक**

**889-5 559-9**

# स्वच्छता से जोड़ने निकाय क्षेत्र में 1 जुलाई से 31 जुलाई 2025 तक विभिन्न आयोजन

## महापौर एवं आयुक्त ने सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान में जुड़ने नागरिकों से की अपील





**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मानसून की अवधि के दौरान होने वाले स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों को कम करने के लिए विशेष रूप से सक्रिय उपायो का महत्व समझाते हुए भारत सरकार आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार एवं राज्य शहरी विकास अभिकरण के आदेशानुसार 1 जुलाई 2025 से 31 जुलाई 2025 तक सफाई अपनाओ बीमारी भगाव अभियान आयोजित किया जाना है। निर्देश के अनुक्रम में नगर निगम द्वारा स्वच्छता अपनाओ बीमारी भगाओ कार्यक्रम के लिये महापौर श्री मधुसूदन यादव के निर्देश पर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा के नेतृत्व में रूप रेखा तैयार की गयी है, जिसके तहत शासन निर्देशानुसार निगम सीमा क्षेत्र में सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान से नागरिको को जोडने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे। बीमारी भगाओ अभियान के संबंध में निगम आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि शासन निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 के तहत स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता के प्रसंग पर सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान अंतर्गत नागरिक- जल जनित और वेक्टर जनित बीमारियो को फैलने तथा शहरी प्रशासन-डेगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, आदि जैसी बीमारियो का प्रसार रोकने के लिए आवश्यक निवारण सफाई और उसे बढ़ावा देने वाले उपायो का ध्यान केन्द्रित कर रहा है, जिसके तहत स्वच्छ हाथ, स्वच्छ घर, स्वच्छ पडोस, स्वच्छ शौचालय, स्वच्छ नालिया एवं जल निकाय तथा स्वच्छ सार्वजनिक स्थल विषय पर शहर में 1 जुलाई से 31 जुलाई 2025 तक कार्यक्रम कराया जाना है। शासन के निर्देशानुसार महापौर श्री यादव के निर्देश पर नगर निगम द्वारा तिथिवार निर्धारित कार्यक्रम 1 जुलाई से आयोजित किया जा रहा है। आयुक्त ने बताया कि 1 से 6 जुलाई तक स्वच्छ हाथ स्वच्छ घर, स्वच्छ पडोस, स्वच्छ नालिया एवं जल निकाय के अलावा 7 जुलाई से 13 जुलाई तक स्वच्छ शौचालय, स्वच्छता ऐप, डस्टबिन के उपयोग का प्रचार प्रसार, 14 जुलाई से 20 जुलाई तक स्वच्छ सार्वजनिक स्थल, 21 जुलाई से 27 जुलाई तक सुरक्षित पेयजल, मोहल्ला समिति व कालोनियो में जन जागरूकता अभियान, सफाई मित्रो का हैल्थ चेकअप तथा 28 से 31 जुलाई तक विद्यालयो में स्वच्छता संबंधित प्रतियोगिताओ का आयोजन, निकाय अंतर्गत वृहद सफाई अभियान एवं प्लास्टिक बैन व सोर्स पर ही कचरा पृथकीकरण हेतु प्रचार प्रसार किया जायेगा। महापौर श्री यादव ने नागरिको से अपील करते हुए कहा है कि सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान का मूल उद्देश्य बरसात में होने वाले जल जनित एवं मौसमी बीमारी से बचने, सवधानी बरतने और स्वच्छता अपनाने नागरिको को अभियान से जोडना है। उन्होंने कहा कि जल जनित बीमारी से बचने नियमित रूप हाथ धोवे, स्वच्छ शौचालय की आदत डाले, नाली एवं आस पास कचरा न डाले, कुडे दान का इस्तेमाल को बढ़ावा देवे, घर के अंदर पानी जमा होने से रोके। उन्होंने कहा कि बिना जन भागीदारी के स्वच्छता अभियान सफल नही हो सकता। उन्होने नागरिको से अपील करते हुए कहा कि अभियान में सहभागी बने और शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सहयोग प्रदान करे। उन्होने पार्षदो से भी अपील की है कि सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान से जुड निर्धारित कार्यक्रमों में सहभागी बन वार्डवासियो को भी अभियान से जोडे। नगर निगम द्वारा सफाई अपनाओ बीमारी भगाव अभियान का शुभारंभ 1 जुलाई को ठा.प्यारेलाल स्कूल में विद्यार्थियों को स्वच्छता शपथ दिलाकर एवं हाथ धुलाई कार्यक्रम आयोजित कर शुभारंभ किया गया है। जिसमें विद्यार्थियों को जल जनित बीमारियो को फैलने से रोकने, मौसमी बीमारी डेगू, मलेरिया से बचने सावधानी बरतने, स्वच्छता अपनाने तथा अपने परिवार व आस पास के लोगो को सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान से जोडने प्रेरित किया गया। साथ ही सफाई मित्रो एवं स्वच्छता दीदीयो द्वारा घर घर जाकर गिला एवं सुखा कचरा घर में ही पृथककर अलग अलग देने , मौसमी बीमारी से बचने समाईस दी जा रही है तथा वार्डो में दवा का छिडकाव कर फागिंग किया जा रहा है। इसके अलावा तालाबो एवं शौचालयो की सफाई कर नागरिको को स्वच्छता अपनाने प्रेरित किया जा रहा है।

## शहर में दोनों टाइम हो पानी की सप्लाई,नदी लबालब बावजूद एक टाइम मिल रहा पानी - नेताप्रतिपक्ष



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले के अगुवाई में कांग्रेस जन प्रतिनिधिमंडल ने मोहरा नदी के समीप स्थित फिल्टर प्लांट का अवचक निरीक्षण किया साथ ही प्रतिनिधि मंडल ने आयुक्त से मुलाकात कर शहर की जनता को होती सड़क,नाली,बिजली,सफाई सहित पानी की समस्याओं को साझा किया जिसके निराकरण करने आयुक्त ने आश्वासन दिया है। कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि महीने भर से नगर निगम द्वारा नलों में पानी की सप्लाई एक टाइम कर दी गई थी निरीक्षण में पाया गया कि शिवनाथ नदी का एनीकेट लबालब भरा हुआ है बावजूद नगर निगम द्वारा शहर में एक टाइम पानी की सप्लाई की जा रही है जबकि पर्याप्त मात्रा में दोनों टाइम पानी की सप्लाई होनी चाहिए साथ ही इरिगेशन विभाग से संपर्क कर बाढ़ नियंत्रित करने के लिए मोहारा स्थित एनीकेट के गेट कब खोले जाने हैं और कब बंद करने हैं इसमें आपस में तालमेल बनाने को लेकर चर्चा की है ताकि मोहरा फिल्टर प्लांट में बाढ़ का खतरा कम हो सके और लोगों को बरसात में पीने के पानी की तकलीफना हो। शहर में जल भराव की स्थिति निर्मित ना हो इस दिशा में कार्य करते हुए टीम गठित करने एवं सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करते हुए बड़े नालों की पुनः सफाई करने को लेकर बात रखी है,आयुक्त से चर्चा दौरान हाल ही में बनी डामर की सड़क उखड़ जाने की शिकायत करते हुए सड़क की मरम्मत सहित जांच सहित कार्यवाही को लेकर प्रतिनिधिमंडल ने कहा है। पूर्व पार्षद सहित वर्तमान पार्षद के निधि के कार्यों को जल्द पूरा करने सहित मानदेय जारी करने को लेकर आयुक्त से चर्चा की गई है कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से पूर्व जल विभाग चेयरमैन एवं वर्तमान पार्षद सतीश मसीह, पूर्व पार्षद एवं वर्तमान पार्षद प्रतिनिधि आमीन हुड्डा, पूर्व स्वास्थ्य विभाग चेयरमैन गणेश पवार, पूर्व पार्षद दल प्रवक्ता ऋषि शास्त्री, पूर्व पार्षद शरद पटेल उपस्थित रहे।

ऑपरेशन मुस्कान के तहत कबीरधाम पुलिस की बड़ी सफलता

## नाबालिग अपहृत बालिका को लखनऊ, उत्तर प्रदेश से सकुशल किया गया बरामद

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** थाना प्रभारी महेश प्रधान के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम को सायबर सेल कबीरधाम की सहायता से यह



सूचना प्राप्त हुई कि अपहृत नाबालिग बालिका को आरोपी युवक विकास साहू पिता छेदीराम साहू, उम्र 19 वर्ष, निवासी खपरी, थाना चिल्फी, जिला मुंगेली द्वारा लखनऊ (उत्तर प्रदेश) ले जाया गया है। सूचना की तस्दीक उपरांत पुलिस टीम तत्काल रवाना की गई और कंचन बिहार कॉलोनी, लखनऊ से पीड़िता को सकुशल बरामद किया गया।

## भारी बारिश के बावजूद खड़गे जी की सभा ऐतिहासिक रही : कुलबीर



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आते ही चहूंओर भ्रष्टाचार शराबखोरी, रेत माफिआओं का बोलबाला है। निर्दोश प्रदेशवासियों को डरा धमकाकर मारपीट कर परेशान किया जा रहा प्रदेश में चोरी-डकैती, हत्या, लूट, बलात्कार जैसी घटनाएं होना आम बात हो गई है। स्वास्थ्य सेवाओं का बूरा हाल, युक्तियुक्तकरण के नाम स्कूल बंद किया जा रहा बच्चों की पढ़ाई से खिलवाड़ किया जा रहा, प्रदेश की खनिज संपदा को लूटा जा रहा। भाजपा की जवान, किसान, संविधान विरोधी नीतियों के खिलाफ 07 जुलाई को रायपुर में आयोजित कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की विशाल जनसभा में राजनांदगांव से बड़ी संख्या में कांग्रेसजन शामिल हुए।शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि रायपुर साइंस कालेज में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी सचिन पायलेट के निर्देशानुसार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में अभूतपूर्व आयोजित किसान, जवान संविधान जनसभा को संबोधित करने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन का आगमन हुआ जिसको लेकर शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में राजनांदगांव शहर से सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसजन शामिल हुए। इस दौरान अध्यक्ष श्री छाबड़ा ने बताया कि दो दिन से हो रही लगातार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है फिर भी कांग्रेसजनों को अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष को सुनने से नहीं रोक पाई और सैकड़ों कार्यकर्ता रायपुर के लिए रवाना हुए। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे भरी बरसात में उमड़े हजारों कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आव्हान करते हुए कहा कि छग में भ्रष्टाचार रूपी भाजपा सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकना है।

## ग्रामीण क्षेत्रों में शौचालय का उपयोग अब आदत में शुमार

### पीएम आवास के हितग्राहियों को शौचालय निर्माण हेतु दी जा रही स्वीकृति

इलियास खान



**बलौदाबाजार।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत खुले में शौचमुक्त अभियान जे तहत घर घर शौचालय निर्माण एवं व्यवहार परिवर्तन से अब ग्रामीणों के द्वारा शौचालय का उपयोग आदत बन गया है। लोग स्वच्छता व स्वास्थ्य का महत्व समझने लगे है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत ऐसे हितग्राही जिन्होने पूर्व में किसी भी मद से शौचालय निर्माण हेतु राशि स्वीकृत नहीं कराया है उन्हें स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण हेतु राशि 12000 रुपये उनके खाते में डीबीटी किया जाता है। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के जिला मिशन समन्वयक मुरलीकांत यदु ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के घरों में शौचालय का निर्माण किया गया है जिसका सतत उपयोग ग्रामीणों द्वारा किया जा रहा है। स्वच्छ भारत मिशन के कार्यो को सामुदायिक जनभागीदारी के साथ जन आंदोलन के रूप में समस्त ग्रामीण जन अपना आंदोलन समझते हुए बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिए। ग्रामीण स्वच्छता को लेकर समय समय पर स्वच्छता ही सेवा, स्वच्छ सर्वेक्षण जैसे विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से शौचालय उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। गांव में सार्वजनिक शौचालय का भी निर्माण किया गया है जिसका गांव मे किसी प्रकार का कार्यक्रम होने पर उपयोग किया जा रहा है।स्वच्छाग्रही समूहों द्वारा बिना किसी सहयोग के ग्राम पंचायत के साथ मिलकर गांव की साफसफाई, जल स्त्रोतों की सफाई, कचरा कलेक्शन,जिसमें सिंगल यूज प्लास्टिक संग्रहण कार्य में अपना सहयोग देते हुए अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। स्वच्छ भारत मिशन के तहत लोगों को जोड़ने एवं लोगों के व्यवहार परिवर्तन हेतु कार्य किया जा रहा है जिसमें लोग स्वयं अपना योगदान दे रहे हैं।

## नगर पंचायत डोंगरगांव में सफाई योद्धाओं को बरसात से बचाने रेनकोट का वितरण



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** बरसात के मौसम में जहां आम नागरिक अपने घरों में सुरक्षित रहने का प्रयास करते हैं, वहीं नगर की सफाई और व्यवस्थाओं को संभालने वाले कर्मी हर हाल में ड्यूटी पर तैनात रहते हैं। ऐसे में डोंगरगांव नगर पंचायत ने एक बेहद सराहनीय और मानवीय पहल करते हुए सफाई कर्मियों, स्वच्छता दीदियों, ड्राइवरों, जल विभाग के कर्मचारियों और फील्ड स्टाफ को रेनकोट वितरित किए ताकि वे बारिश में भी बिना किसी कठिनाई के अपने कार्य को सुरक्षित तरीके से कर सकें। इस विशेष आयोजन का नेतृत्व नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी ने किया, जिनके कुशल निर्देशन में यह पहल शुरू की गई। कार्यक्रम का आयोजन नगर पंचायत परिसर में हुआ, जिसमें मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनम्र जेमा और विवेक भारतद्वाज भी विशेष रूप से उपस्थित थे

**कर्मचारियों की सुरक्षा है प्राथमिकता**

नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, च्हमारे ये सभी कर्मचारी नगर की रीढ़ हैं। बरसात के मौसम में उनका भीगना केवल उनके स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि नगर की स्वच्छता और सफाई व्यवस्था को भी प्रभावित करता है। इसी को ध्यान में रखते हुए हमने तय किया कि प्रत्येक सफाई कर्मी, ड्राइवर, जल विभाग कर्मचारी और फील्ड स्टाफ को रेनकोट दिए जाएँ ताकि वे सुरक्षित तरीके से अपना कार्य जारी रख सकें।ज्ज

उन्होंने यह भी कहा कि यह पहल केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि नगर पंचायत द्वारा कर्मियों के प्रति मानवीय संवेदनाओं और कर्तव्यों का प्रतीक है।

**रेनकोट वितरण से बढ़ा मनोबल**

मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनम्र जेमा ने बताया कि डोंगरगांव नगर पंचायत क्षेत्र में सफाई कर्मी, स्वच्छता दीदियाँ, ड्राइवर और फील्ड स्टाफ कार्यरत हैं, जिनमें जल विभाग के कर्मचारी भी शामिल हैं। सभी को रेनकोट प्रदान किए गए हैं। उन्होंने कहा, च्कर्मचारियों को बेहतर संसाधन और सुरक्षा देना प्रशासन की नैतिक जिम्मेदारी है। यह वितरण अभियान उसी दिशा में एक सार्थक कदम है। रेनकोट वितरण के दौरान कर्मचारियों के चेहरों पर प्रसन्नता साफदिखाई दे रही थी। स्वच्छता दीदियों और सफाईकर्मियों ने इसे राहत भरा कदम बताया। एक स्वच्छता दीदी ने कहा, च्बरसात में काम करना मुश्किल होता था। पहले पूरी तरह भीग जाते थे, जिससे सर्दी-खांसी जैसी समस्याएं होती थीं। अब रेनकोट मिलने से काफी राहत महसूस हो रही है।

एक अन्य सफाई कर्मचारी ने भावुक होकर कहा, च्यह पहली बार है जब हमारे बारे में इतनी गंभीरता से सोचा गया है। हमें यह देखकर अच्छा लगा कि अधिकारी और अध्यक्ष हमारे स्वास्थ्य और सुविधा को भी महत्व देते हैं।ज्ज

**सिर्फ रेनकोट नहीं, सम्मान भी मिला**

इस आयोजन से यह संदेश भी गया कि नगर पंचायत केवल विकास कार्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि कर्मचारियों के कल्याण और उनकी सुरक्षा को भी उतनी ही प्राथमिकता देती है। रेनकोट जैसे छोटे संसाधन भी कर्मचारियों के आत्मसम्मान और कार्य क्षमता को कई गुना बढ़ा सकते हैं।

**भविष्य की योजनाएं भी घोषित**

कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत ने यह भी संकेत दिया कि भविष्य में कर्मचारियों को गमबूट, दस्ताने और मास्क जैसी अन्य आवश्यक वस्तुएँ भी प्रदान की जाएँगी, ताकि वे हर मौसम में सुरक्षित रहकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें।

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202506092200018**

विषयः- ब-121
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2024-2025
बोरतलाव प.ह.न. 00027 [(हे0) ]
पक्षकारों का विवरण आवेदक पक्षकार- हरिराम,
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हरिराम आ. चंदूराम जाति गोंड सा. बोरतलाब तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के बहन रामा बाई पति जगनू का मृत्यु दिनांक 19.05.1991 को ग्राम बोरतलाब में हुआ है, के नाम पर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 28.07.2025 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/07/2025 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार डोंगरगढ़

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ 1 के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 20250609520001２**

विषयः- ब-121
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2024-2025
करवारी प.ह.न. 00022 [(हे0) ]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार सुरेन्द्र बागडे,
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुरेन्द्र बागडे आ. शेषराम बागड़े जाति लोहार सा. करवारी तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के पुत्री लाव्या बागडे आ. सुरेन्द्र बागडे का जन्म दिनांक 11.12.2021 को ग्राम करवारी में हुआ है, के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक से 10/07/2025 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06/06/2025 को जारी किया जाता है।

सील — नायब तहसीलदार डोंगरगढ़

## ज्ञान मंथन

*1) संविधान सभा का निर्माण किस योजना के तहत किया गया था?*
*2) ऐतिहासिक मतंगेश्वर मंदिर कहाँ स्थित है?*
*3) योजना आयोग के स्थान पर एक नई संस्था नीति आयोग का गठन कब किया गया?*
*4) राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के अतिरिक्त सदस्यों की कुल संख्या कितनी है?*
*5) गोवा में पणजी में आयोजित इंटरनेशनल पर्पल महोत्सव में 8000 व्यक्तियों ने भाग लिया इसमें विकलांग लोगों के लिए कौन सा टेलीविजन चैनल भी प्रारम्भ किया गया?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) कैबिनेट मिशन योजना (2) खजुराहो (3) 1 जनवरी, 2015 (4) 3 सदस्य (5) पर्पल टी वी भारत

## कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाने बैठक 13 को

**राजनांदगांव( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ की संस्कारधानी नंदग्राम राजनांदगांव की पावनधरा पर प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी समाज के संगठन प्रभारी भोला यादव ने बताया कि नगर कोसरिया यादव समाज राजनांदगांव द्वारा ईष्ट देव भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाने के लिए एवं भगवान श्रीकृष्ण जी की शोभा यात्रा झांकी निकालने के संबंध में बैठक रखी गई है। साथ ही आगामी आयोजन को लेकर भी चर्चा की जायेगी जिसमें यादव महाधिवेशन यादव मेला प्रदेश स्तरीय यादव युवक-युवती परिचय सम्मेलन सामूहिक विवाह सम्मान समारोह सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विधवा, तलाकशुदा, विधुर, परित्यक्ता और अधिक उम्र के लोगो का भी रिश्ता जोडने के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा की जावेगी। सामाजिक गतिविधियों पर विशेष चर्चा की जावेगी। बैठक दिनांक - 13 जुलाई 2025 रविवार समय- दोपहर 2.00 बजे से स्थान :- क्लब चौक, हनुमान मंदिर के पास, सामुदायिक भवन, बसंतपुर, राजनांदगांव इस बैठक में कोसरिया यादव समाज के संरक्षकगण, नगर पदाधिकारीगण, महिला मंडल पदाधिकारीगण, वरिष्ठगण, गौंटियागण, वार्ड अध्यक्षगण, युवा मंडल वार्डो के सामाजिक सदस्यगण के उपस्थिति में बैठक सम्पन्न होगी।



## 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस राजनांदगांव में

**राजनांदगाव ( नांदगांव टाइम्स )।** अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद शाखा राजनांदगांव एवं गोड़वाना समाज के संयुक्त तत्वाधान में 9 अगस्त में विश्व आदिवासी दिवस राजनांदगांव में मनाया जाना तय किया गया । बैठकी की अध्यक्षता नीलकंठ गढ़े ने किया। कार्यक्रम पद्श्री गोंविदराम निर्मलकर आडोटोरियम राजनांदगांव में किया जाना तय किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मान. श्री डॉ. रमन सिंह जी अध्यक्ष विधानसभा एवं विधायक राजनांदगांव होगें। अध्यक्षता मान. श्री मधुसूदन यादव जी महापौर नगर पालिका निगम राजनांदगांव एवं पूर्व सांसद होगें। विशिष्ट अतिथि योगेश दत्त मिश्रा श्रम कल्याण बोर्ड, कोमल सिंह राजपूत जी जिलाध्यक्ष भा.ज.पा, सचिन बघेल जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक राज. , संतोष अग्रवाल समाज सेविक, नीलू शर्मा अध्यक्ष पर्यटन विभाग छ.ग. एवं जिले के समस्त आदिवासी जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष, सरपंच एवं पार्षद आमंत्रण जाना तय किया गया। साथ ही पेंशनरत अधिकारी/कर्मचारी सम्मान हेतु आमंत्रण किया जावेगा। आस-पास के जिले से जैसे मोहला-मानपुर-अ.चौकी,खैरागढ़-छुईखदान-गंण्डई, बेमेतरा, कबीरधाम, दुर्ग, डौण्डी लोहारा के समाज सेवकों को आमंत्रण किया। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है। प्रचार-प्रसार जोर-सोर से किया जा रहा है। बैठक में उपस्थित रमेश मंडावी, करण नेताम, पूरन कोर्राम, नील कुंवर नेताम, श्रीमती हनीता पडौटी आदि उपस्थित रहेगें।

# मोखला निवासी दिव्यांग लोचन लाल साहू को मिला ब्लैक बेल्ट

## राजनांदगांव मार्शल आर्ट अकादमी में बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा सम्पन्न



26

राजनादगांव (नांदगांव टाइम्स)। स्थानीय राजनांदगांव अकादमी ऑफ मार्शल आर्टस, कस्तूरबा महिला मंडल स्कूल प्रांगण में शीकोकाई शितोरियू कराते इंडिया के प्रमुख प्रशिक्षक हांशी भारत शर्मा के मार्गदर्शन मे रेंशी मुरली सिंह भारद्वाज द्वारा बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा ली गई, जिसमे शहर के गायत्री विद्या पीठ, नीरज पब्लिक स्कूल, नीरज बाजपाई स्कूल, व्हाईडनर मेमोरियल स्कूल, बॉडीटेक जिम एवं अन्य स्कूल के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा के दौरान मुख्य परीक्षक शिहान मुरली सिंह भारद्वाज द्वारा प्रतिभागी खिलाड़ियों का कराते की विभिन्न विधाओं पंच, ब्लाक, किक, एडवांस बेसिक, काता सहित परीक्षार्थियों के पावर, स्टेनिमा एवं स्पीड की प्रायोगिक परीक्षा ली गई। इस परीक्षा के मुख्य आकर्षक के रूप में मोखला निवासी दिव्यांग लोचन लाल साहू ने अपनी पॉच साल की कठिन मेहनत के फलस्वरूप ब्लैक बेल्ट की चुनौतीपूर्ण परीक्षा को पास किया । उनके साथ जयदीप सिन्हा ने भी ब्लैक बेल्ट परीक्षा पास की। परीक्षा मे उत्तीर्ण सभी खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ शिकोकाई शितोरियू कराते के प्रमुख प्रशिक्षक एवं राजनांदगांव जिला कराते संघ के सचिव शिहान मुरली सिंह भारद्वाज द्वारा बेल्ट एवं प्रमाण पत्र वितरण किया गया। उक्त परीक्षा में ब्लैक बेल्ट, ब्राउन बेल्ट, ग्रीन बेल्ट, ऑरेंज बैल्ट एवं येलो बेल्ट के सौ से अधिक छात्र छात्राओं ने भाग लिया एवं सफलतापूर्वक ग्रेडिंग परीक्षा उत्तीर्ण की। उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को छ.ग. पर्यटन बोर्ड अध्यक्ष एवं राजनांदगांव जिला कराते संघ अध्यक्ष नीलू शर्मा, राजनांदगॉव महापौर मधुसूदन यादव सहित जिला कराते संघ के सचिव सिहान मुरली सिंह भारद्वाज, उपाध्यक्ष सेंसाई कमल पूजन कोषाध्यक्ष दुर्गेश त्रिवेदी, सहसचिव शतीश पदम ,गुण्डाधुर अवॉर्डी कराते खिलाड़ी एवं कोच सेंसाई अंबर सिंह भारद्वाज, राजनांदगांव जिले के सीनियर प्रशिक्षक सेंसाई जयप्रकाश साहू, दुर्गेश साहू, टिकेश्वर साहू, करण साहू ,लोकिता साहू, जयदीप सिन्हा, ओम नेहा सिन्हा एवं समस्त पदाधिकारियों एवं पालकगणों ने शुभकामनाएं दी। परीक्षा उत्तीर्ण छात्र छात्राओं के नाम निम्नानुसार है:-

**जूनियर येलो बेल्ट** - फाल्गुनी वर्मा, उन्नति सिंह, संस्कार जयसवाल, मुनीश साहू, आकाश साहू, आराध्या यादव, कुशाग्र श्रीवास्तव, विराज साहू, तन्मय साहू, तनीश साहू, वेदांत चक्रधारी, वंश कोसरिया, स्वास्तिक झा, अर्शिका मोटलानी, शरुन सूरज ।

**जूनियर व सीनियर येलो बेल्ट** - लिमिशा वासनिक, शिवम सिंह, भाविका सिंह, बनीत कौर, आयुषी वर्मा, लव्यम साहू, आयुष्मान सोनी, कबीर सोनकर ।

**जूनियर ऑरेंज बेल्ट** - कृष्णा शर्मा, सनाया मंडावी, अपेक्षा तिवारी, सात्यकी दुबे, अनंत तिवारी, चिराग गजबीर, प्रकृति साव **जूनियर वा सीनियर ऑरेंज बेल्ट** - नोवेश निनावे, मान्या साहू, अर्श सुखेजा, मुस्कान साहू, झलक साहू, पलक साहू ।

**जूनियर ग्रीन बेल्ट**-वर्णिका साहू, शौर्य कटरे, चित्रक्ष सिंह मंडावी, अर्थ श्रीवास्तव । **जूनियर वा सीनियर ग्रीन बेल्ट**-श्रेष्ठ मिश्रा, आहना प्रसाद, ईश्वर लाल साहू, अर्श सुखेजा । **ब्राउन बेल्ट** -गुंजन वैष्णव, धात्री साहू, अन्नपूर्णा साहू, शिवांश सोनी, मानविक सेठिया, पावनी साहू, निरोश वर्मा, हर्षिल कुमार त्रिपुरा, अंश यादव । ब्लैक बेल्ट-जयदीप सिन्हा , लोचन लाल साहू ।

# ममता दुबे के जन्मदिन पर अनोखा पहल: देश हित के लिए संकल्प



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ममता दुबे के जन्मदिन के अवसर पर एक अनोखा पहल शुरू किया गया है, जिसमें दुबे परिवार और उनके सहयोगियों ने एक संकल्प लिया है कि अपने जन्मदिन पर वे देश हित के लिए पांच दीप जलाएंगे और देश हित के कार्यों में योगदान करेंगे।क्राइम रिपोर्टर अभिषेक दुबे ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य देश के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि जन्मदिन के अवसर पर हम सभी अपने परिवार और दोस्तों के साथ खुशियां मनाते हैं, लेकिन इस बार हम इसे एक नए तरीके से मनाने जा रहे हैं।दुबे परिवार के सदस्यों ने संकल्प लिया है कि वे अपने जन्मदिन पर न केवल पांच दीप जलाएंगे, बल्कि देश हित के कार्यों में भी योगदान करेंगे। इसके अलावा, वे स्वच्छता को बढ़ावा देने और संस्कारधानी का नाम रोशन करने के लिए भी काम करेंगे।इस पहल की खास बात यह है कि यह घर-घर तक पहुंचेगा। जल्द ही एक अभियान शुरू किया जाएगा, जिसमें लोग अपने जन्मदिन के अवसर पर यही संकल्प लेंगे और देश हित के कार्यों में योगदान करेंगे अभिषेक दुबे ने कहा कि यह पहल न केवल ममता दुबे के जन्मदिन को विशेष बनाएगी, बल्कि समाज में भी एक सकारात्मक संदेश फैलाएगी। उन्होंने सभी से इस पहल में शामिल होने और देश हित के कार्यों में योगदान करने का आग्रह किया है इस अनोखी पहल के साथ, दुबे परिवार और उनके सहयोगी एक नए तरीके से जन्मदिन मना रहे हैं और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी की भावना को दिखा रहे हैं ममता दुबे,सुरेंद्र दुबे,चमन तिवारी,मनीषा तिवारी,प्रयाग राज तिवारी,गंगा शुक्ला,मोनू शुक्ला,शेखर शुक्ला,करुणा दुबे,मधु श्री दुबे,मेघना तिवारी, कल्पी दुबे,और अभिषेक दुबे के द्वारा यह संकल्प लिया गया।

# निजी अस्पताल में इलाज में लापरवाही और अवैध वसूली के खिलाफ कार्यवाही की मांग - शिव सेना



**राजनांदगांव( नांदगांव टाइम्स )।** शासन द्वारा आम जनता को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराएं जा रहा शासन का नियम है की निजी नर्सिंग होम में मरीजों का ईलाज कार्ड से ही होगा उसके बाद भी नर्सिंग होम संचालक द्वारा मरीजों राशि ली जा रही इससे साफजाहिर होता है कि सरकार से किसी भी तरह कोई डर भय नहीं है शासन को कोई ठोस कदम उठाना ही होगा मरीजो से नगद राशि तो लिया जा रहा है और कोई रसीद नहीं दिया जा रहा है मरीज परेशान हैं शहर के निजी अस्पतालों में लगातार इलाज में लापरवाही की शिकायत मिल रही है। शिवसेना के जिलाध्यक्ष आकाश सोनी ने बताया की फिर निजी अस्पताल की लापरवाही और अवैध वसूली का मामला खपरिकला के एक मरीज का जो कि पथरी के इलाज के लिये शहर के निजी अस्पताल साँई कृपा हॉस्पिटल में भर्ती हुआ। निजी अस्पताल में मरीज का ऑपरेशन हुआ और कुछ दिनों में मरीज की तबियत ज्यादा खराब हुई और दोबारा अस्पताल पहुंचा तो मरीज को संजीवनी अस्पताल जाकर इलाज करवाने कहा गया। फिर जब मरीज शहर के दूसरे निजी अस्पताल संजीवनी हॉस्पिटल पहुंचा अस्पताल प्रबंधन द्वारा आयुष्मान कार्ड से इलाज के बाद जांच और दवा के नाम पर 50 हजार नगद रुपये की वसूली की गई। जिसकी कोई राशिद मांगने के बाद भी नही दिया गया। और लगभग 20 हजार रुपयों की मांग की गई। जिसकी शिकायत मरीज के परिवार वालो ने शिवसेना के जिलाध्यक्ष सहित पदाधिकारियों से एवं जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से की। शिकायत मिलने के बाद शिवसैनिकों ने अस्पताल पहुंच कर प्रबंधन से अवैध वसूली बंद करने की मांग की, और इलाज में लापरवाही नही बरतने की बात भी कहा। और शिवसेना के पदाधिकारियों ने इस लापरवाही एवं अवैध वसूली की शिकायत कलेक्टर एवं जिला चिकित्सा अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर की। जिलाध्यक्ष सोनी ने कहा निजी अस्पतालों की मनमानी पर अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन को कोई ठोस कार्यवाही करनी चाहिए। शिवसैनिकों द्वारा बीते कुछ महीनों पहले शहर के 1 और निजी अस्पताल एन.बी. केयर की लापरवाही से जान जाने की शिकायत जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी से की थी।

## जिले के 113 शासकीय स्कूल भवनों के मरम्मत कार्य के लिए 77 लाख 11 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने जिले में संचालित शासकीय प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला, हाई स्कूल तथा हायर सेकेण्डरी स्कूल में अति आवश्यक मरम्मत कार्य के लिए 77 लाख 11 हजार 475 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। जिले के 113 स्कूलों में मरम्मत कार्य किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्र के लिए ग्राम पंचायत एवं नगरीय क्षेत्र के लिए संबंधित नगरीय निकाय को निर्माण एजेंसी नियुक्त किया गया है। स्कूलों की व्यापक पैमाने पर मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य होने से जिले में स्कूल अधोसंरचना मजबूत बनेगी। डोंगरगढ़ विकासखंड के 28 शासकीय स्कूलों के मरम्मत कार्य के लिए 15 लाख 25 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी तरह राजनांदगांव विकासखंड के 29 शासकीय स्कूलों के मरम्मत कार्य के लिए 21 लाख 4 हजार रूपए, डोंगरगांव विकासखंड के 22 शासकीय स्कूलों के मरम्मत कार्य के लिए 17 लाख 36 हजार रूपए तथा छुरिया विकासखंड के 34 शासकीय स्कूलों के मरम्मत कार्य के लिए 23 लाख 46 हजार 475 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

# विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने पूर्ण किया तीन दिवसीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग

## सनातनी युवाओं ने लिया प्रशिक्षण- जाना धर्म और संगठन की बारीकियों को, प्रशिक्षण उपरांत बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने शहर में किया पथ संचलन, शहरवासियों ने की पुष्पवर्षा

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा तीन जिलों राजनांदगांव, बालोद,अं.चौंकी-मोहला-मानपुर के कार्यकर्ताओं का तीन दिवसीय संभाग स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन 4 जुलाई से 6 जुलाई तक राजनांदगांव के अग्रहरि भवन व गांधी सभा कक्ष में आयोजित किया गया, जिसमें तीनों जिलों के बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने धार्मिक एवं संगठनात्मक प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस शौर्य वर्ग में विहिप संगठन के केंद्रीय, क्षेत्रीय सहित प्रांतीय पदाधिकारी सम्मिलित हुए व युवाओं का मार्गदर्शन किया, 4 जुलाई को सर्वप्रथम उद्घाटन सत्र में जितेंद्र सिंह पवार क्षेत्र संगठन मंत्री(मध्य क्षेत्र) के करकमलों से वर्ग प्रारंभ हुआ एवं विहिप राजनांदगांव विभाग के संगठन मंत्री कन्हैया कुंदन का मार्गदर्शन युवाओं को मिला, द्वितीय दिवस 5 जुलाई को प्रान्त उपाध्यक्ष शिशुपाल सिंह ने व्यक्ति के गुण व्यवहार पर युवाओं के बीच अपनी बात रखी एवं प्रान्त सहमंत्री नंदुराम साहू ने प्रवास-बैठक का महत्त्व व संचालन विषय पर जानकारी दी। द्वितीय सत्र में विहिप प्रान्त मंत्री विभूति भूषण पांडेय ने संगठनात्मक ढांचा,समिति गठन व वार्षिक कार्यक्रमों की जानकारी दी। वहीं दिल्ली से पहुंचे केंद्रीय मंत्री विशेष संपर्क विभाग अंबरीश जी ने वर्तमान स्थिति व देश में बदलते परिवेश पर अपना बौद्धिक युवाओं को दिया। क्षेत्र अर्चक पुरोहित संपर्क प्रमुख चंद्रशेखर वर्मा ने संगठन उद्देश्य,गठन व आयाम पर युवाओं का



मार्गदर्शन कर बजरंगदल के गठन का कारण और उद्देश्य पर प्रकाश डाला। विभाग मंत्री अरुण गुप्ता ने कानून व विधि सम्बंधी जानकारी दी। रात सत्संग का आयोजन किया गया जहां सुनील वर्मा प्रान्त सत्संग प्रमुख के द्वारा भक्तिपूर्ण संगीतमय भजन प्रस्तुत किया गया। वर्ग के अंतिम दिवस प्रान्त संगठन मंत्री नंददास दंडोतिया ने समिति के कार्य, रचना व सत्संग बढ़ाने के कार्य पर युवाओं को आवश्यक जानकारी दी। सत्र में बजरंग दल के प्रांत संयोजक ऋषि मिश्रा ने बजरंग दल के कार्य, स्थापना,उद्देश्य व आयाम पर चर्चा की। शाम को वर्ग का समापन क्षेत्र संगठन मंत्री जितेंद्र सिंह पवार के उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। वर्ग में पालक अधिकारी की भूमिका विभाग सहमंत्री प्रशांत दुबे, वर्ग पर्यवेक्षक बजरंगदल विभाग सहसंयोजक सुनील सेन एवं मुख्य शिक्षक होमेश थे। तीनों जिलों के विश्व हिंदू परिषद संगठन के जिला समिति के कार्यकर्ताओं की बैठक भी सम्पन्न हुई,जिसमें जुलाई व अगस्त माह में संगठन कार्यक्रम करने की कार्ययोजना बनी। वर्ग में विहिप जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्निहोत्री, जिला मंत्री अनूप, कोषाध्यक्ष लव मिश्रा, लाल मुनाई, बजरंग दल जिला संयोजक राहुल मिश्रा, जिला सहसंयोजक अंशुल कसार, बाबा जी बौद्ध, योगेश बागड़ी, नवीन अग्रवाल, योगेश मुदलियार, जुगल किशोर, अंकित खंडेलवाल, नागेश यदु,भरत साहू, अखिलेश गुप्ता, दीपक सिंग, नगर संयोजक प्रिंस हाथिबेड, राज तंवर, अभिषेक शर्मा, प्रकाश समरीत, राहुल ताम्रकार, गौरव शर्मा, अभिषेक शर्मा, सुदर्शन साहू, मनीष सार्वा, झमित साहू, मोहित यादव, सोहन साहू, हिमांशु अं.चौंकी-मोहला-मानपुर जिला अध्यक्ष मानसिंग टेकाम, मंत्री गुरुदयाल साहू, मुरली साहू, बालोद विहिप जिलाध्यक्ष बलराम गुप्ता, उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल, मोनू सोनवानी, डोंगरगढ़ नगर अध्यक्ष बालमुकुंद तराने, अभीषेक साहू, विमल अग्रवाल, ऋषभ डकहा, कौशल महोबिया,भावेश तराने, लीकेश साहू एवं पूरे विभाग के अन्य सदस्य भारी संख्या में सम्मिलित हुए।

## धर्म समाचार....

# वर्षों बाद सावन सोमवार पर आयुष्मान योग समेत बनेंगे कई अद्भुत संयोग, बरसेगी महादेव की कृपा




सावन का महीना देवों के देव महादेव को बेहद प्रिय है। इस महीने में रोजाना भक्ति भाव से भगवान शिव और मां पार्वती की पूजा की जाती है। वहीं सावन सोमवार पर महादेव की विशेष पूजा की जाती है। इस शुभ अवसर पर देवों के देव महादेव का अभिषेक किया जाता है। सावन सोमवार, यानी श्रावण महीने के पवित्र सोमवार, हिंदू धर्म में बहुत बड़ा आध्यात्मिक महत्व रखते हैं। भक्त पूरी श्रद्धा से भगवान शिव की पूजा करते हैं। वे अक्सर उपवास रखते हैं और पूजा-पाठ करते हैं। 2025 के सावन महीने में कुछ खास संयोग इस समय को व्यक्तिगत आध्यात्मिक और तरक्की के लिए और भी खास बना रहा है।

**इस सावन में होगा इन योगों का संगम**

2025 में सावन सोमवार पर आयुष्मान योग, वृद्धि योग, परिघ योग और ब्रह्म योग जैसे कई मंगलकारी संयोग बन रहे हैं। ये संयोग शिव पूजा, उपवास और मंत्र जाप के फलों को और बढ़ा देते हैं। भक्त अपने आराध्य भगवान शिव से ज्यादा आध्यात्मिक ऊर्जा और मनोकामना पूरी होने की उम्मीद करते हैं। इस महीने में अनुष्ठान और विधियां कई गुना फल देने वाली मानी जाती हैं।

**सावन सोमवार में बनने वाले शुभ योग**

सावन सोमवार हिंदू कैलेंडर के श्रावण महीने (अक्सर जुलाई-अगस्त) में आने वाले सोमवार को कहा जाता है। इस समय चंद्रमा के स्वामी भगवान शिव की बहुत श्रद्धा से पूजा की जाती है। सावन सोमवार का व्रत शांति, समृद्धि और इच्छाओं की पूर्ति ला सकता है। यह दिन अच्छे जीवनसाथी की तलाश में लगे अविवाहित लोगों के लिए भी शुभ माना जाता है।

**सावन सोमवार 2025 में शुभ योग**

2025 में सावन 11 जुलाई से शुरू होकर 9 अगस्त को समाप्त होगा। इस अवधि के सोमवार इस प्रकार हैं-

क) 14 जुलाई
ख) 21 जुलाई
ग) 28 जुलाई
घ) 4 अगस्त

ज्योतिषीय रूप से, इन तारीखों पर कई महत्वपूर्ण योग (ग्रह संयोजन) बन रहे हैं, जो इन्हें अत्यधिक महत्वपूर्ण बना रहे हैं-

आयुष्मान योग (14 जुलाई)

अर्थः आयुष्मानज्ज् का अर्थ लंबी आयु या जीवन शक्ति है।

**परिणाम:**क) यह योग स्वास्थ्य के लिए अत्यंत शुभ है। यह उपचार और नई गतिविधियों की शुरुआत लाता है। ख) यह योग दीर्घकालिक परियोजनाओं के लिए अनुकूल है। यह शिक्षा या करियर से जुड़ी कोशिशों के लिए अच्छा है। ग) यह योग स्वास्थ्य और दीर्घायु बढ़ाने वाले अनुष्ठानों (जैसे महामृत्युंजय मंत्र जाप) के लिए आदर्श है। घ) यह योग शिव पूजा करने के लिए उत्तम है, विशेषकर भलाई और शारीरिक शक्ति के लिए।

**योग ( 21 जुलाई )**

अर्थः च्वृद्धिज्ज् का अर्थ वृद्धि, विस्तार या विकास है।

**परिणाम:** क) यह योग वित्तीय लाभ के लिए उत्कृष्ट है। व्यापार में विस्तार और नए उपक्रम शुरू हो सकते हैं। ख) यह योग निवेश और धन से जुड़े अनुष्ठानों के लिए अच्छा है। संपत्ति सौदों से लाभ हो सकता है। ग) यह योग उपवास या पूजा से प्राप्त पुण्य और दान के फल को बढ़ाता है। घ) यह योग करियर में प्रगति के आशीर्वाद पाने के लिए आदर्श है। पदोन्नति या साझेदारी से लाभ मिल सकता है।

**परिघ योग ( 28 जुलाई )**



**अर्थः**-=परिघ का अर्थ अवरोध या बाधा है। परिणाम: क) यह योग सामान्यतः अशुभ या नकारात्मक माना जाता है। आज भगवान शिव के समक्ष समर्पण करें। ख) यह योग विलंब और प्रतिरोध उत्पन्न करता है। इस समय शुरू किए गए कार्यों में जटिलताएँ आ सकती हैं ग) यह योग किसी भी महत्वपूर्ण कार्य या अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के लिए उपयुक्त नहीं है। घ) परंतु परिघ योग के दौरान शिव पूजा अवरोधों को शांत करने में सहायक हो सकती है। यह कर्म संबंधी अवरोधों को भी दूर कर सकती है।

**ब्रह्म योग ( 4 अगस्त )**

अर्थः सृष्टिकर्ता भगवान ब्रह्मा से जुड़ा हुआ। परिणाम: क) यह योग विशेषकर आध्यात्मिक प्रयासों के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। यह योग अध्ययन, शिक्षण और धार्मिक अनुष्ठानों में भी सहायक है। ख) यह योग ज्ञान, रचनात्मकता और नई शुरुआतों का समर्थन करता है। ग) यह योग मंत्र जाप और लेखन के लिए आदर्श है। यह शास्त्रों के अध्ययन या पवित्र अनुष्ठान करने में भी सहायक है। घ) सावन सोमवार पर यह योग शिव पूजा और ध्यान की आध्यात्मिक गहराई को बढ़ाता है।

**अनुष्ठान की नियम:**

क) सुबह जल्दी उठें, सूर्योदय से पहले स्नान करें। ख) शिव मंदिर जाएं या घर पर दूध, जल और बिल्व पत्र से अभिषेक करें। ग) च्च? नम: शिवायज्ज् 108 या 1008 बार जाप करें। घ) संभव हो तो रुद्राभिषेक करें। च) उपवास रखें और पुण्य के लिए दान करें।

**निष्कर्ष**

सावन सोमवार 2025 आंतरिक परिवर्तन और दिव्य जुड़ाव के लिए एक दुर्लभ अवसर प्रदान करता है। यह स्वास्थ्य, सफलता और आध्यात्मिक पूर्ति के लिए आशीर्वाद प्राप्त करने में मदद कर सकता है।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बैट, टैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने कानून व्यवस्था की समीक्षा की

## बाढ़ एवं जल भराव वाले क्षेत्रों की सतत निगरानी करने के दिए निर्देश, अवैध शराब के भंडारण, परिवहन एवं विक्रय पर कड़ी कार्रवाई करने कहा

**चाकू बाजी करने वाले अपराधियों एवं संदिग्धों पर की जाएगी कड़ी कार्रव- चाकू बाजी करने वाले अपराधियों एवं संदिग्धों पर की जाएगी कड़ी कार्रवाई गई**

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे एवं पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने आज कलेक्टारेट सभाकक्ष में अनुविभागीय अधिकारियों राजस्व एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सहित अन्य अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था का कड़ाई से पालन कराना सुनिश्चित करें, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को पूरे जिले में सर्तकता एवं सजगता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि वर्तमान में पूरे जिले में तेज बारिश हो रही है, इसके चलते नदी-नालों के तटवर्ती क्षेत्रों के अलावा निचले भागों में पानी भरने की संभावना बनी है, इसे ध्यान में रखते हुए सभी अनुविभागीय अधिकारी विशेष रूप से सर्तक रहें और सतत निगरानी करते रहें। किसी भी प्रकार से जल भराव या बाढ़ की आशंका होने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें। साथ ही बाढ़ से निपटने के लिए उपलब्ध संसाधनों का जांच-परीक्षण कर लें। कलेक्टर ने कहा कि जिले में अवैध शराब के भंडारण, परिवहन एवं विक्रय की सतत निगरानी करते हुए उन पर कड़ी कार्रवाई करें। इसके लिए गठित टीमों को सतत सक्रिय रखें। उन्होंने कहा कि गत वर्ष के स्थानों जहां जल भराव हुए थे, उन्हें चिन्हांकित करने के साथ ही अन्य संभावित स्थानों की भी निगरानी करें।



उन्होंने जिले में अग्निवीरों के प्रशिक्षण के लिए स्थान, पुस्तक एवं अन्य संसाधनों के व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने कहा कि जल भराव एवं बाढ़ से निपटने के लिए मूलभूत आवश्यकताओं के परीक्षण के साथ-साथ उनकी उपलब्धता बनाएं रखें। उन्होंने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था से निपटने के लिए अधिकारीगण सतत कार्रवाई एवं मानिटरिंग करते रहें। ढाबों सहित अन्य स्थानों पर अवैध रूप से विक्रय होने वाले मदिरा एवं अन्य नशा के पदार्थों की उपलब्धता पर कड़ी कार्रवाई करें।

देर रात तक अनावश्यक रूप से ढाबें नहीं खुलने चाहिए। चाकू बाजी करने वाले अपराधियों एवं संदिग्धों पर कड़ी कार्रवाई करें। इसके अलावा शांति व्यवस्था एवं कानूनों के उल्लंघन पर कठोर धाराओं के तहत कार्रवाई किया जाना सुनिश्चित करें, ताकि इससे होने वाले अपराध कम हो सकें। उन्होंने यह भी कहा कि ट्रैफिक पुलिस यातायात के नियमों का पालन सुनिश्चित कराएं, ताकि दुर्घटनाएं कम हों और लोगों के जीवन को बचाया जा सकें। नशापान कर वाहन चलाने वालों पर चालानी कार्रवाई करें। उन्होंने दुर्घटनाजन्य स्थानों पर सूचना बोर्ड लगाने के संबंध में की गई कार्रवाई के संबंध में जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शहरी क्षेत्र के ओव्हर ब्रिज के नीचे अवैध रूप से अतिक्रमण पर कार्रवाई कर उसे खाली कराने और आवश्यक उपयोग के पार्किंग के लिए स्थान सुनिश्चित कराएं। बैठक में अधिकारियों ने अब तक की गई कार्रवाई से कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया। बैठक में यह भी बताया गया कि संभावित बाढ़ एवं जल भराव की स्थिति से नि

पटने के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई है। संसाधनों के रूप में जिले में 3 बोट, 6 आसता लाईट, 3 ऊट कटर एवं पर्याप्त संख्या में लाईफ जैकेट उपलब्ध है। इसके अलावा आवश्यकता पडने् पर 21 गोताखोर भी उपलब्ध है, जिनकी सेवाएं ली जा सकती हैं। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा, नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम राजनांदगांव श्री खेमलाल वर्मा, एसडीएम डोंगरगांव श्री श्रीकांत कोराम, एसडीएम श्री डोंगरगढ़ श्री अभिषेक तिवारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### मामला बम्लेश्वरी ट्रस्ट का:=-

## आजीवन सदस्यता सूची में नाम विलोप महिला ने की न्याय की गुहार

**डोंगरगढ़( नांदगांव टाइम्स )।** बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति डोंगरगढ़ की आजीवन सदस्यता सूची में नाम न जुड़ने पर एक महिला ने अध्यक्ष महोदय को आवेदन देकर न्याय की मांग की है। वार्ड नं. 21 साईं नगर निवासी श्रीमती के. गहरवार, धर्मपत्नी स्व. सनद कुमार गहरवार ने आवेदन में बताया कि उनका नाम 2022 के अंतिम प्रकाशन और 2025 के प्रारंभिक प्रकाशन में सदस्य क्रमांक 418 पर दर्ज था। लेकिन दुर्भाग्यवश अंतिम प्रकाशन में उनका नाम हटाकर उसी क्रमांक पर श्री केशव कुमार नरेडी, पिता स्व. रामदेव नरेडी का नाम दर्ज कर दिया गया



है। श्रीमती गहरवार ने कहा कि केशव कुमार नरेडी का नाम 2025 के प्रारंभिक प्रकाशन में पहले ही क्रमांक 420 पर दर्ज था, बावजूद इसके उनका नाम हटाकर क्रमांक 418 पर दर्ज करना न केवल त्रुटिपूर्ण है बल्कि अत्यंत निंदनीय भी है। उन्होंने अध्यक्ष महोदय से आग्रह किया है कि इस गलती को सुधारकर उनका नाम पुन: सदस्य क्रमांक 418 पर अंकित किया जाए और आवश्यक कार्यवाही कर अवगत कराया जाए। उन्होंने अपने आवेदन की प्रतिलिपि मुख्य निर्वाचन अधिकारी माँ बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़ और जिलालाधीश राजनांदगांव को भी प्रेषित की है।

## दावा अपत्ति 15 जुलाई तक आमंत्रित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों में रिक्त पदों पर भर्ती के लिए प्राप्त आवेदन पात्र के परीक्षण उपरांत पात्र-अपात्र अभ्यर्थियों की अंतरिम सूची जारी कर दी गई है। सूची का अवलोकन राजनांदगांव जिले की वेबसाईट पर किया जा सकता है। सूची के संबंध में दावा-आपत्ति 15 जुलाई 2025 तक कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव के कक्ष क्रमांक 108 में वांछित प्रमाण पत्रों सहित अपना अभ्यावेदन प्रेषित कर सकते है। अभ्यावेदन कार्यालय में उपस्थित होकर श्री राजेश मरकाम अथवा डॉक के माध्यम से या ई-मेल के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। आगामी सूचना के लिए राजनांदगांव जिले की बेससाईट का अवलोकन करते रहे।

सुनहरा अवसर

पढ़ने- पढ़ाने वाले विद्यार्थी सह- शिक्षक सपने साकार करने के लिए रूपये 9 हजार प्रतिमाह से शुरू कर 45 हजार प्रतिमाह की गारंटी देता है



योग्यता : 12वीं पास, फेल से पीएचडी तक सभी आवेदन कर सकते हैं

-: संपर्क करें :-

इंजीनियर पी एल सुलाखे

राजनांदगांव, मो. 9425554092

# सावन माह के प्रत्येक सोमवार को 2 बजे के बाद शैक्षणिक संस्थाओ में अवकाश दिये जाने की मांग

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** संस्कारधानी की विभिन्न धार्मिक संस्थाओं, संगठनों एवं विभिन्न संघ द्वारा मांग की जा रही है कि हर सावन सोमवार के दिन दोपहर 2 बजे तक ही शैक्षणिक संस्थाओं में अध्यापन हो। सावन माह में हर सोमवार एक धार्मिक दिवस होने के चलते सावन सोमवार को आधा दिन 2 बजे के बाद सभी शैक्षणिक संस्थाओं में अवकाश दिया जाये।



**पूर्व में हर सावन सोमवार को अवकाश दिया जाता था**

इस संबंध में संस्कारधानी श्रद्धालुगण विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल के जिलामंत्री अनुप श्रीवास, ओम प्रकाश अग्निहोत्री जी, बाबा मेश्राम, माँ शीतला मंदिर से राजकिशोर दुबे, मिथलाधाम गणेश मंदिर से श्री अशोक चैधरी, वरिष्ठ पत्रकार अशोक पांडे जी, सूरज बुद्धदेव जी, लालबागेश्वर धाम से आवतराम तेजवानी, संजय तेजवानी, धार्मिक कार्यकर्ता राजेन्द्र यादव, पवन डागा, आलोक बिंदल, राकेश यादव, शरद सिन्हा, मनीभास्कर गुप्ता, कमलेश सूर्यवंशी, अतुल रायजादा, रवि सिन्हा, राजा माखीजा, अशोक लोहिया, आलोक बिन्दल, श्रीमती संगीता शुक्ला, जयेश चटवानी, मिथलेश शुक्ला, हेमन्त तिवारी, महेश खंडेलवाल, लायन्स क्लब से अमित खंडेलवाल, कमल किशोर साहू, ललित भंसाली , संस्कारधानी सेवा संस्थान से राजेश श्यामकर, योगेश खत्री, भावेश अग्रवाल, मानव देशमुख, हरीश गांधी गायत्री परिवार, संजय शर्मा बालाजी एवं समस्त धार्मिक कार्यकर्ताओं ने मांग की है कि हर सावन सोमवार के 2 बजे के बाद शैक्षणिक संस्थाओं में अवकाश दिया जाना चाहिये। जिससे विद्यार्थी एवं शिक्षक सावन सोमवार के होने वाले धार्मिक आयोजन में शामिल हो सके। सभी पदाधिकारियों ने इस संबंध में कहा है कि राजनांदगांव को आज महाकाल की नगरीज्ज् के रूप में एक नई धार्मिक-सांस्कृतिक पहचान प्राप्त हो रही है, जो कि हम सभी के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। सावन माह में प्रत्येक सोमवार को नगर में बाबा महाकाल की धार्मिक यात्राएं, पालकी यात्रा एवं अन्य धार्मिक आयोजन श्रद्धा आस्था और सामाजिक एकता के प्रतीक बन चुके हैं। इस पुण्य अवसर पर बच्चों, विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा नागरिकों की भागीदारी अत्याधिक महत्वपूर्ण होती है। अत: आपसे निवेदन है कि नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में सावन माह के प्रत्येक सोमवार को दोपहर 2:00 बजे के बाद अधिकारिक अवकाश घोषित किया जाए। इस निर्णय से विद्यार्थियों में धार्मिक जागरूकता, संस्कारों की शिक्षा तथा सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिलेगा और संस्कारधानी की छवि और भी प्रबल होगी। सावन सोमवार को पहले भी शैक्षणिक संस्थाओ में 2:00 के बाद अवकाश देने व्यवस्था रही थी, भविष्य में भी लागु रहे, आपसे निवेदन है कि जनभावनाओं का सम्मान करते हुए शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाए।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के जीवनदीप समिति के साधारण सभा का बैठक सम्पन्न

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विकासखंड के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के सामान्य सभा की बैठक जनपद पंचायत भवन में आयोजित



किया गया था जिसमें जनपद पंचायत अध्यक्ष रंजीता पडोती डोंगरगांव की अध्यक्षता मे डां रागिनी चंद्रे बीएमओ, राकेश कुर्रे बीपीएम व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खुज्जी , बड़गांव चारभाठा ,तुमडीबोड ,करमतरा,आसरा, टप्पा के संस्था प्रभारी के मौजूदगी में संपन्न हुआ। बैठक में सभी पीएचसी प्रभारी अपने अपने आय व्यय की जानकारी रखे साथ ही चिकित्सालय विकास के विभिन्न बिंदुओं के साथ एनक्यूएएस की तैयारी , वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाये जाने इत्यादि विषयो चर्चा किया गया एवम आवश्यक निर्णय लिए गए। अध्यक्ष के द्वारा सभी संस्था प्रभारी को मुख्यालय पर रहकर कार्य करने व मरीजों को समय पर इलाज करने के लिए निर्देशित किया बारिश में होने वाले मौसमी बिमारी से निपटने के लिए बंदोबस्त दुरूस्त करने के लिए कहा गया।व आगामी समय पर प्रत्येक संस्था वार जीवनदीप समिति के बैठक आयोजित किया जाएगा। जिसमें सभी जीवन दीप समिति के अपेक्षित सदस्य भी उपस्थित थे।

# 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ टीम बनी बी डिवीजन चैंपियन



**हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने छत्तीसगढ़ टीम को दी बधाई**

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** हॉकी इंडिया नई दिल्ली के मार्गदर्शन में हॉकी झारखंड द्वारा आयोजित 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 में छत्तीसगढ़ की टीम ने अपनी जीत का सिलसिला जारी रखते हुए गुजरात की टीम को 8-2 से पराजित किया। इस जीत के साथ ही छत्तीसगढ़ की टीम ने बी डिवीजन से ए डिवीजन में क्वालीफाई करते हुए विजेता होने का गौरव हासिल किया।हॉकी इंडिया के महासचिव एवं एशियन हॉकी फेडरेशन के उपाध्यक्ष भोलानाथ सिंह ने छत्तीसगढ़ टीम की शानदार उपलब्धि को सराहा। उन्होंने खिलाड़ियों से मुलाकात की, उन्हें बधाई दी और आगामी प्रतियोगिताओं के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। छत्तीसगढ़ हॉकी संघ के अध्यक्ष एवं हॉकी इंडिया के संयुक्त सचिव फीरोज़ अंसारी ने बताया कि 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 का आयोजन 3 से 14 जुलाई तक झारखंड की राजधानी रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में हुआ। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ ने गुजरात के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए 8-2 से जीत दर्ज की और हैट्रिक के साथ लगातार तीन मैच जीतने का रिकॉर्ड बनाया। गुजरात के खिलाफ खेले गए इस मैच में छत्तीसगढ़ की खिलाड़ी मनप्रीत ने 4 गोल, ट्विंकल ने 3 गोल और अंजलि एक्का ने एक गोल किया। इस मैच में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करने पर छत्तीसगढ़ की खिलाड़ी मनप्रीत को 'प्लेयर ऑफद मैच' का अवार्ड प्रदान किया गया। इससे पूर्व, छत्तीसगढ़ ने वेस्ट बंगाल को 5-0 और तमिलनाडु को 2-1 से हराया था। रांची में आयोजित इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप में देशभर की 28 प्रतिष्ठित टीमों ने भाग लिया। छत्तीसगढ़ हॉकी टीम के कोच और अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे ने कहा कि टीम ने इस प्रतियोगिता में सभी मैचों में बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ की टीम इस प्रतियोगिता में बी डिवीजन में सबसे कम गोल खाने वाली



टीम बनी। इस उपलब्धि में टीम के गोलकीपर नौरीन हयात अंसारी, विशाखा और डिफेंस लाइन के खिलाड़ी केसर साहू, अंजलि एक्का, जिज्ञासा कश्यप, सुधा साहू, स्मिता कुजूर, सरिता, श्यामली, सुरेखा और अज़मत का शानदार योगदान रहा। इसके अलावा, छत्तीसगढ़ की टीम ने इस प्रतियोगिता के दौरान अपने पूल में सर्वाधिक गोल करने का रिकॉर्ड भी बनाया। टीम के स्ट्राइकर ट्विंकल, दुबी रावत, मनप्रीत, रिया खालको, काव्या, रश्मि और संजना ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ हॉकी द्वारा आयोजित प्रशिक्षण शिविर ने इस शानदार प्रदर्शन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। छत्तीसगढ़ हॉकी संघ के सचिव मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि खेले गए तीनो मैच मे प्लेयर ऑफ़द मैच का अवार्ड छत्तीसगढ़ के ही खिलाड़ियों को प्राप्त हुआ है। छत्तीसगढ़ टीम के इस शानदार उपलब्धि मे टीम के कोच अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे, सहायक कोच दीपेश चौबे और टीम मैनेजर सुप्रिया तिग्गा की अहम् भूमिका रही है। छत्तीसगढ़ टीम के इस शानदार प्रदर्शन पर प्रदेश के खेल प्रेमी जनता ने बधाई दी।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com